Roll No. ....

E–142

M. A. (First Semester)

EXAMINATION, Dec.-Jan., 2020-21

HINDI

Paper Second

(प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य)

Time : Three Hours] [*Maximum Marks : 80*

नोट : निर्देशानुसार सभी खण्डों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं।

खण्ड–अ प्रत्येक 1

(वस्तुनिष्ठ / बहुविकल्पीय प्रश्न)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सही उत्तर का चयन कीजिए :

1. चंदबरदाई इनमें से किस सम्राट के राजदरबार से सम्बन्धित थे ?
   (अ) जयचंद
   (ब) पृथ्वीराज चौहान
   (स) भीम द्वितीय
   (द) परमाल

2. ‘पृथ्वीराज रासो’ में किस रस की प्रधानता है ?

(अ) शृंगार-वीर

(ब) वीर-शांत

(स) संयोग-वियोग

(द) शांत-शृंगार

3. ‘रासो काव्य’ मूलतः किस शैली में रचित है ?

(अ) मुक्तक शैली

(ब) प्रबन्ध शैली

(स) गेय शैली

(द) आख्यान शैली

4. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने ‘रासो’ शब्द की व्युत्पत्ति इनमें से किससे मानी है ?

(अ) राज्यादेश

(ब) रासक

(स) रहस्य

(द) राजसूय

5. राहुल सांस्कृत्यायन के अनुसार हिन्दी का प्रथम कवि इनमें से कौन था ?

(अ) पुष्पदंत

(ब) सरहपाद

(स) रामसिंह

(द) लुईपाद

6. 'मैथिल कोकिल' के नाम से कौन कवि प्रसिद्ध है ?

(अ) विद्यापति

(ब) रहीम

(स) रैदास

(द) चंदबरदाई

7. विद्यापति के काव्य में किसकी प्रधानता है ?

(अ) वीर और ओज

(ब) शांत और वीर

(स) भक्ति और श्रृंगार

(द) हास्य और अद्‌भुत

8. 'पहेली और मुकरियों' के लिए इनमें से कौन प्रसिद्ध है ?

(अ) चंदबरदाई

(ब) अमीर खुसरो

(स) रसखान

(द) मलिक मोहम्मद जायसी

9. अमीर खुसरो का मूल नाम क्या था ?

(अ) फैजल खान

(ब) मंजूर हसन

(स) अबुल हसन

(द) निजाम अहमद

10. कबीर की पत्नी का इनमें से क्या नाम था ?

(अ) लोई

(ब) रमिया

(स) रकिया

(द) सबीहा

11. कबीर ने किस मार्ग का प्रवर्तन अपनी साधना के लिए किया है ?

(अ) प्रेम मार्ग

(ब) योग मार्ग

(स) ज्ञान मार्ग

(द) इनमें से कोई नहीं

12. कबीरदास किस शासक के समकालीन थे ?

(अ) अलाउद्दीन खिलजी

(ब) सिकंदर लोदी

(स) बाबर

(द) मुहम्मद बिन तुगलक

13. मलिक मुहम्मद जायसी के 'पद्मावत' में रत्नसेन कहाँ का राजा था ?

(अ) चित्तौड़गढ़

(ब) सिंहलद्वीप

(स) कुंभलगढ़

(द) संभलगढ़

14. मलिक मोहम्मद जायसी ने 'पद्मावत' में किस शैली को अपनाया है ?

(अ) कीर्तन शैली

(ब) नाम-स्मरण शैली

(स) गजल शैली

(द) मसनवी शैली

15. 'पद्मावत' में रत्नसेन की मृत्यु किस तरह बताई गई है ?

(अ) अलाउद्दीन द्वारा बंदी बनाकर

(ब) षड्यंत्र के द्वारा

(स) राजा देवपाल से युद्धोपरांत

(द) समुद्रमार्ग में

16. मीराबाई के पदों में किस भाव की प्रधानता है ?

(अ) वीर भाव

(ब) वात्सल्य भाव

(स) ओज भाव

(द) माधुर्य भाव

17. मीराबाई का जन्म कहाँ हुआ था ?

(अ) जोधपुर-मेड़ता

(ब) सीकर

(स) जयपुर

(द) बीकानेर

18. रहीम के पिता का क्या नाम था ?

(अ) गयास बेग

(ब) मुहम्मद दिलावर

(स) बैरम खान

(द) अर्तीकुरहमान

19. रैदास किस शाखा के संतकवि माने जाते हैं ?

(अ) निर्गुण

(ब) सगुण

(स) कृष्णभक्ति

(द) शाक्तभक्ति

20. अपने 'सवैयों' के लिए कौन कवि प्रसिद्ध हैं ?

(अ) रहीम

(ब) रसखान

(स) मीराबाई

(द) जायसी

खण्ड—ब

प्रत्येक 2

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : निम्नलिखित में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. अमीर खुसरो का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

2. अमीर खुसरों ने किन प्रमुख विधाओं का प्रवर्तन किया है ?

3. रहीम किस छंद के प्रयोग में सिद्धहस्त थे ?
4. रहीम की कुछ प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए।
5. विद्यापति के काव्य में किस भाषा का परिचय मिलता है ?
6. रैदास के काव्य के प्रमुख विषय क्या हैं ?
7. रसखान का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
8. मीराबाई की भक्ति-भावना किस प्रकार की थी ?
9. विद्यापति के काव्य के मुख्य विषय क्या हैं ?
10. प्रेममार्गी शाखा के कुछ अन्य प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

खण्ड—स

प्रत्येक 4

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : निम्नलिखित में से किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. "कबीर भाषा के डिक्टेटर थे।" आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के इस कथन के संदर्भ में कबीर की भाषा की विवेचना कीजिए।
2. 'पृथ्वीराज रासो' के शशिवृता विवाह खण्ड के कथानक को लिखिए।
3. 'पद्मावत में जायसी ने लोकतत्व का पर्याप्त समावेश किया है।' सप्रमाण विवेचना कीजिए।
4. कबीरदास की निर्गुण उपासना पर प्रकाश डालिए।
5. जायसीकृत 'पद्मावत' के सिंहलद्वीपखण्ड कथा का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।
6. 'कबीरदास ने गुरु-महिमा को बड़ा महत्व दिया है।' इस कथन के आलोक में कबीर की गुरु-भक्ति-भावना की विवेचना कीजिए।
7. " 'पद्मावत' प्रेमाख्यान परम्परा का सर्वोच्च शिखर है।" विवेचना कीजिए।
8. निर्गुण ज्ञानाश्रयी काव्य-धारा की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

खण्ड—द प्रत्येक 5

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. 'पृथ्वीराज रासो' की ऐतिहासिकता की समीक्षा करते हुए उसके महत्व पर प्रकाश डालिए।

2. 'पद्मावत' में मलिक मुहम्मद जायसी ने इतिहास और कल्पना का मणि-कांचन संयोग प्रस्तुत किया है। इस कथन के आधार पर विवेचना कीजिए।

3. कबीरदास की भक्ति-भावना पर विस्तार से प्रकाश डालिए।

4. नागमती विरह वर्णन की विशेषताओं को समझाइए।

नोट : निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

5. नागमती चितउर पथ हेरा। पिउ जो गए पुनि कीन्ह न फेरा॥
नागर काहु नारि बस परा। तेइ मोर पिउ मो सौं हरा॥
सुआ काल होइ लेइगा पीऊ। पिउ न जात जात बर जीऊ॥

6. पुच्छ कथा सुक कहौ। समह गंध्रवी शुप्रेमहि॥
स्रवन मम संजोगि। राज सम घरी सुनेमहि॥

7. पीछै लागा जाइ था लोक वेद के साथि।
आगै थैं सतगुर मिल्या, दीपक दीया हाथि॥

8. बासुरि सुख नां रैणि सुख, ना सुख सुपिनै माहिं।
कबीर बिछुट्या राम सूं, ना सुख धूप ना छाहिं॥